## समाहर्त्ता, रोहतास, सासाराम द्वारा दिनांक 03.02.2021 को प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–195 दिनांक–12.01.2021 के अनुलग्नक एजेण्डा के आलोक में जिला कोषागार कार्यालय, रोहतास, सासाराम का किया गया निरीक्षण संबंधी टिप्पणी

कोषागार संहिता नियम–27 के तहत जिला कोषागार, रोहतास, सासाराम का निरीक्षण तत्कालीन जिला पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम द्वारा दिनांक–26/12/2020 को किया गया था तथा ज्ञापांक–2201/गोपनीय दिनांक–26/12/2020 द्वारा निर्गत निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रति जिला कोषागार कार्यालय, रोहतास, सासाराम के पत्रांक–126/कोषागार दिनांक–22/01/2021 द्वारा प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को भेज दी गयी है।

प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–195 दिनांक–12/01/2021 के साथ अनुलग्नक एजेन्डा के आलोक में एजेण्डावार निरीक्षण प्रतिवेदन निम्नवत् है:–

**01. कोषागार में उपलब्ध Hardware की संख्या और भंडार पंजी (Stock Entry) में अंकन की स्थिति :–**

| कम सं0 | उपलब्ध Hardware | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | Monitor (Computer Screen) | 14 |
| 2. | C.P.U | 14 |
| 3. | Keyboard | 14 |
| 4. | Mouse | 14 |
| 5. | Printer | 05 |
| 6. | Scanner | 07 |
| 7. | Printer-cum-Scanner | 03 |

उपर्युक्त सामग्री भंडार पंजी में दर्ज है जो सही हालत में संचालित हो रहा है। कोषागार पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जो सामग्री खराब हो गये हैं, उसके संबंध में विभागीय निदेश के आलोक में कारवाई करना सुनिश्चित करें।

**02. Network Connectivity से संबंधित विवरण :–** Network Connectivity BSWAN द्वारा उपलब्ध है तथा सही रुप से संचालित हो रहा है।

**03. Digital Signature और Dongle का विवरण :–**

| कम सं0 | नाम एवं पदनाम | Digital Signature | Dongle |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रवण कुमार, (कोषागार पदाधिकारी) | Digital Signature द्वारा कार्य किया जा रहा है। | 31.03.2021 तक वैधता है। |
| 2. | श्री राकेश कुमार सिन्हा, (सहायक कोषागार पदाधिकारी) | Digital Signature द्वारा कार्य किया जा रहा है। | 16.05.2022 तक वैधता है। |

04.पदाधिकारी / कर्मियों / डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान का विवरण :–

| कम सं0 | नाम एवं पदनाम | कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान |
|---|---|---|
| 1. | श्री श्रवण कुमार, (कोषागार पदाधिकारी) | कोषागार संबंधी कार्य कम्प्यूटर में कर रहे हैं। |
| 2. | श्री राकेश कुमार सिन्हा, (सहायक कोषागार पदाधिकारी) | वही |
| 3. | श्री अरुण कुमार सिन्हा, (प्रधान लेखापाल ) | वही |
| 4. | श्री जय शंकर प्रसाद, (लिपिक ) | कम्प्यूटर में कार्य नहीं कर पाते हैं। |
| 5. | श्री मनोज कुमार 1, (लिपिक ) | कोषागार संबंधी कार्य कम्प्यूटर में कर रहे हैं। |
| 6. | श्री मनोज कुमार 2, (लिपिक ) | वही |
| 7. | श्री राजेश कुमार, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |
| 8. | श्री आशुतोष कुमार, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |
| 9. | श्री एस तनवीर अहमद, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |
| 10. | श्री रवि कुमार सिंह, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |
| 11. | श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |
| 12. | श्री अभिषेक शर्मा, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |
| 13. | श्री सिराजुद्दीन अहमद, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | वही |

कोषागार पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जो कर्मी कम्प्यूटर का अभी तक ज्ञान प्राप्त नहीं किये है उन्हें कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

05. कोषागार में **Power Supply** की स्थिति :–

1. बिजली – कोषागार कार्यालय में बिजली की आपूर्त्ति नियमतः हो रही है।
2. U.P.S. – कोषागार कार्यालय में 10 KVA का एक U.P.S. है जो कार्यरत है।
3. जेनेरेटर – एक जेनेरेटर 10 KVA का है जो Soundless नहीं है तथा हमेशा मरम्मती कराते रहना पड़ता है। अतः नया Soundless जेनेरेटर की आपूर्त्ति की आवश्यकता है। इस संबंध में 30 KVA के ध्वनि रहित (Soundless) जेनेरेटर की आपूर्त्ति हेतु जिला कोषागार कार्यालय, रोहतास, सासाराम के पत्रांक – 929 दिनांक – 26.06.2019 द्वारा प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को अनुरोध किया गया है (छाया प्रति संलग्न) । कोषागार पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि इस संबंध में स्मार पत्र भेजना सुनिश्चित करें।

06. **मासिक लेखा प्रेषण की स्थिति** :– माह नवम्बर, 2020 तक का मासिक लेखा महालेखाकार, बिहार, पटना को प्राप्त करा दिया गया है तथा दिसम्बर, 2020 का मासिक लेखा दिनांक 29.01.2021 को प्राप्त कराने हेतु भेजा गया था किंतु बैंक के पेंशन कागजात से संबंधित कुछ त्रुटि बताकर उसे वापस कर दिया गया है। कोषागार पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि इस संबंध में आवश्यक कारवाई करके महालेखाकार, बिहार, पटना को मासिक लेखा भेजना सुनिश्चित करें।

समाहर्त्ता,

रोहतास, सासाराम।

ज्ञापांक :– 250 / गोपनीय दिनांक :– 03/02/21

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार , पटना को उनके अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–195 दिनांक–12 / 01 / 2021 के अनुपालन में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

समाहर्त्ता,

रोहतास, सासाराम।